पत्रांक–.320.........न०वि०एवंआ०वि०

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

नगर आयुक्त, सभी नगर निगम।
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद,
छपरा / सिवान / जमुई / अररिया / मधुबनी / सीतामढ़ी / गोपालगंज / दानापुर / सुपौल / समस्तीपुर / शेखपुरा / मधेपुरा / अरवल / भभुआ / खगड़िया / सहरसा / सासाराम / हाजीपुर / डेहरी / बेतिया / नवादा / मोतिहारी / बगहा / किशनगंज / बक्सर / जहानाबाद / औरंगाबाद / लखीसराय / जमालपुर।
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, शिवहर / बांका।

पटना, दिनांक 15/3/16

विषय :– **NULM के अनुश्रवण के लिए गठित "नगर कार्यपालिका समिति" में CLF एवं ALF के प्रतिनिधि को स्थायी सदस्य के रूप में नामित करने के संबंध में।**

महाशय,

राज्य के 42 शहरों में National Urban Livelihood Mission (NULM) योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08.03.2016 को नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम में 42 शहरों के City Level Federation (CLF) एवं Area Level Federation (ALF) के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ।

3. कार्यक्रम में चर्चा के क्रम में यह जानकारी प्राप्त हुई थी कि कई नगर निकायों द्वारा उन संगठनों के साथ समुचित समन्वय की व्यवस्था नहीं है। उल्लेखनीय है कि गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में इन संगठनों की अत्यंत महती भूमिका है।

4. तदनुसार निर्देश दिया जाता है कि संगठन के सदस्यों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने एवं प्रभावी समन्वय के दृष्टिकोण से शहरी स्थानीय निकाय के स्तर पर NULM के अनुश्रवण के लिए गठित "नगर कार्यपालिका समिति" में CLF एवं ALF

के प्रतिनिधि को स्थायी सदस्य के रूप में नामित किया जाय एवं उन्हें बैठकों में अनिवार्य रूप से बुलाया जाय तथा उनके द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों का प्रभावी निष्पादन कराया जाय।

विश्वासभाजन

14.3.16
(अमृत लाल मीणा),
प्रधान सचिव

ज्ञापांक– 520 ....न०वि०एवंआ०वि० / पटना, दिनांक 15/3/16

प्रतिलिपि :– PMC, NULM, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे CMMU के माध्यम से पत्र की प्रति सभी CLF/ALF को उपलब्ध कराएंगे।

14.3.16
प्रधान सचिव